STOP बच्चों/छात्रों के लिए कोविड-19 स्क्रीनिंग

कृपया चाइल्ड केयर/JK-12 स्कूल सेटिंग में प्रवेश करने से पहले पूरा करें।

1 सितम्बर, 2021 को अपडेट किया गया

नाम: ______________________ दिनांक: ______________ समय: ______________

1. क्या बच्चों/छात्रों में निम्नलिखित में से कोई नए या खराब होते लक्षण है?**

बुखार >37.8°C और/या ठंड लगना

हाँ ☐ नहीं ☐

खाँसी

हाँ ☐ नहीं ☐

सांस लेने में परेशानी

हाँ ☐ नहीं ☐

स्वाद या गंध में कमी या पता न चलना

हाँ ☐ नहीं ☐

मतली, उल्टी या दस्त

हाँ ☐ नहीं ☐

- यदि बच्चों/छात्रों में स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा पहचानी गई ऐसी स्वास्थ्य समस्या है जिससे उनमे लक्षण दिखाई देते हैं, तो **"नहीं"** चुनें, यदि लक्षण नया, अलग या और भी खराब हो रहा हो तो **"हाँ"** चुनें।

यदि किसी भी लक्षण के लिए जवाब "हाँ" है तो: घर पर रहें और सेल्फ़-आइसोलेट रहें + परीक्षण करवाएँ **या** स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें

2. क्या आपके घर में किसी को कोविड-19 के एक या अधिक लक्षण हैं और/या लक्षण दिखाई देने के बाद परीक्षण के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं? हाँ ☐ नहीं ☐

- यदि बच्चे/छात्र का पूरी तरह से टीकाकरण हो गया है* या पिछले 90 दिनों में कोविड-19 परीक्षण पॉज़िटिव आया है और ठीक हो गया है, तो **"नहीं"** चुनें।

3. पिछले 10 दिनों में, बच्चे/छात्र का रैपिड एंटीजन टेस्ट या गृह-आधारित स्व-परीक्षण किट पर परीक्षण पॉज़िटिव आया है? हाँ ☐ नहीं ☐

- यदि उसके बाद लैब-आधारित PCR परीक्षण पर उनका परीक्षण निगेटिव आया है, तो **"नहीं"** चुनें।

4. क्या बच्चे/छात्र को कोविड-19 संक्रमित किसी व्यक्ति के करीबी संपर्क के रूप में सूचित किया गया है या घर पर रहने और सेल्फ़-आइसोलेट होने के लिए कहा गया है? हाँ ☐ नहीं ☐

- यदि बच्चे/छात्र का पूरी तरह से टीकाकरण हो गया है* या पिछले 90 दिनों में कोविड-19 परीक्षण पॉज़िटिव आया है और ठीक हो गया है या सार्वजनिक स्वास्थ्य ने कहा है कि बच्चे/छात्र को सेल्फ़-आइसोलेट होने की आवश्यकता नहीं है तो **"नहीं"** चुनें।

5. पिछले 14 दिनों में, क्या बच्चे/छात्र ने कनाडा से बाहर यात्रा की है और उन्हें संघीय क्वॉरन्टीन आवश्यकताओं के अनुसार क्वॉरन्टीन होने की सलाह दी गई है? हाँ ☐ नहीं ☐

यदि प्रश्न 2, 3, 4 या 5 के लिए उत्तर "हाँ" है: घर पर रहें और सेल्फ़-आइसोलेट रहें + सार्वजनिक स्वास्थ्य सलाह का पालन करें

* दो खुराक वाले टीके की श्रृंखला की दूसरी खुराक या एक खुराक की श्रृंखला की एक खुराक लेने के 14 दिन या उससे अधिक समय के बाद पूरी तरह से टीकाकरण हुआ माना जाता है।

**जो कोई भी व्यक्ति बीमार है या उनमे बीमारी के कोई लक्षण हैं, तो उन्हें घर पर रहना चाहिए और यदि आवश्यक हो तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से जाँच करवानी चाहिए।

मेरे बच्चे/छात्र में कोविड-19 के 1 या अधिक लक्षण हैं।

बच्चे/छात्र को घर पर रहना चाहिए, सेल्फ़-आइसोलेट होना चाहिए और परीक्षण करवाना चाहिए।
चाइल्ड केयर/स्कूल को सूचित करें कि उनमें लक्षण हैं।

WHAT WAS THE RESULT OF THE COVID-19 TEST?

पॉज़िटिव

- चाइल्ड केयर/स्कूल को बताएँ कि बच्चे/छात्र का कोविड-19 परीक्षण पॉज़िटिव आया है।
- बच्चे/छात्र को लक्षण शुरू होने के दिन से 10 दिनों तक घर पर रहना चाहिए और सेल्फ़-आइसोलेट होना चाहिए। वे 11वें दिन वापस आ सकते हैं, भले ही घर में किसी और में लक्षण विकसित हों।
- घर के सदस्य और करीबी संपर्क के लोग जिनका कोविड-19 टीके* का पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है, उन्हें कम से कम 10 दिनों के लिए सेल्फ़-आइसोलेट होना चाहिए और स्वयं का परीक्षण करवाना चाहिए।
- टोरंटो सार्वजनिक स्वास्थ्य जाँच करने के लिए आपसे संपर्क करेगा और आगे के निर्देश प्रदान करेगा।

निगेटिव

क्या बच्चा/छात्र किसी ऐसे व्यक्ति के निकट संपर्क में रहा है जिसका पिछले 10 दिनों में कोविड-19 परीक्षण पॉज़िटिव आया है?

- **नहीं** ☐ बच्चे/छात्र उनके लक्षणों में सुधार शुरू होने के 24 घंटे बाद वापस आ सकते हैं (48 घंटे तक मतली, उल्टी या दस्त न होने पर)।
- **हाँ** ☐ **यदि बच्चे/छात्र का पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है*:** उन्हें पॉज़िटिव व्यक्ति के संपर्क में आने से 10 दिनों तक सेल्फ़-आइसोलेट होना आवश्यक है।
- **हाँ** ☐ **यदि बच्चे/छात्र का पूर्ण टीकाकरण हुआ है*:** वे उनके लक्षणों में सुधार शुरू होने के 24 घंटे बाद वापस आ सकते हैं (48 घंटे तक मतली, उल्टी या दस्त न होने पर)।
- **हाँ** ☐ **यदि बच्चे/छात्र का पिछले 90 दिनों में कोविड-19 परीक्षण पॉज़िटिव आया है और वह ठीक हो गया है:** वे उनके लक्षणों में सुधार शुरू होने के 24 घंटे बाद वापस आ सकते हैं (48 घंटे तक मतली, उल्टी या दस्त न होने पर)।
- **हाँ** ☐ **यदि बच्चे/छात्र को केवल कोविड अलर्ट ऐप के माध्यम से निकट संपर्क की सूचना प्राप्त हुई है:** वे उनके लक्षणों में सुधार शुरू होने के 24 घंटे बाद वापस आ सकते हैं (48 घंटे तक मतली, उल्टी या दस्त न होने पर)।

घर में रहने वाले भाई-बहन और वयस्क, जो चाइल्ड केयर/स्कूल सेटिंग में जाते हैं, वे तुरंत वापस आ सकते हैं, यदि घर के अन्य सदस्यों में लक्षण न हों।

परीक्षण नहीं हुआ है

- बच्चे/छात्र को लक्षण शुरू होने के दिन से 10 दिनों तक घर पर रहना चाहिए और सेल्फ-आइसोलेट होना चाहिए, यदि बच्चे/छात्र के लक्षणों में सुधार हो रहा है, तो वे 11वें दिन चाइल्ड केयर/स्कूल सेटिंग में वापस जा सकते हैं।
- घर का कोई भी व्यक्ति जिसका पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है* या पिछले 90 दिनों में कोविड-19 परीक्षण पॉज़िटिव नहीं आया है और ठीक हैं उन्हें बच्चे/छात्र का कोविड-19 परीक्षण निगेटिव आने या 10 दिन बीत जाने तक सेल्फ़-आइसोलेट होना चाहिए।
- अगर किसी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता ने ऐसी स्थिति का पता किया है जो कोविड-19 से संबंधित नहीं है, तो बच्चे/छात्र उनके लक्षणों में सुधार के 24 घंटे बाद (48 घंटे तक मतली, उल्टी या दस्त न होने पर) वापस आ सकते हैं। घर के सदस्यों को घर में रहना आवश्यक नहीं है।

यदि बच्चे/छात्र ने पिछले 14 दिनों में कनाडा से बाहर यात्रा की है:

- अंतरराष्ट्रीय यात्रा से लौटने के बाद बच्चे/छात्र को क्वॉरन्टीन और परीक्षण के लिए संघीय दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।
- यदि बच्चे/छात्र का पूर्ण टीकाकरण हुआ है तो उन्हें क्वॉरन्टीन से छूट दी जा सकती है। यदि बच्चे/छात्र का पूर्ण टीकाकरण नहीं हुआ है, तो उन्हें 14 दिनों तक स्कूल/चाइल्ड केयर में नहीं जाना चाहिए, भले ही उन्होंने टीका लेने वाले साथी के साथ यात्रा की हो।
- यात्रियों के लिए संघीय आवश्यकताओं का पालन करें।

*दो खुराक वाले टीके की श्रृंखला की दूसरी खुराक या एक खुराक की श्रृंखला की एक खुराक लेने के 14 दिन या उससे अधिक समय के बाद पूरी तरह से टीकाकरण हुआ माना जाता है।